DEPARTMENT OF ELEMENTARY EDUCATION
MIRANDA HOUSE

# विध्वंस संग अभिव्यंजना

Poetry theatrical performance with book launch

Performed by B.El.Ed. first year

# BOOK

# POEMS BY

# DEPARTMENT OF EDUCATION

# (B.EL.ED. THEATRE FIRST YEAR)

# प्रस्तावना

करोना के  इस दौर में, जब भय का आतंक, चारों तरफ फैला हुआ है, इंसान का इंसान के बीच के मानवीय संबंध को, बोध को, रिश्तों को सबको जकड़ कर नीयति ने अंधकार में धकेल दिया  है, तब अंदर का रास्ता स्वयं खुल जाता है वह बुद्धत्व का रास्ता होता है। कल्पना की नवशिक्षा का रास्ता खुलता है, नई राहें नए सपने मानवीय मूल्यों की जननी के नए-नए बीज, अंकुर, जन्म लेते है। अगर मनुष्य प्रकृति की इस भयावह आवाज़ को समझे तो अब अंतरयात्रा का सफ़र शुरू हो चुका है। अगर हम सृजनशीलता का आदर करें तो जितने मनुष्य उतनी ही रंगशीलता, विचारशीलता , कर्म शीलता,

कल्पना शीलता उत्पन्न होगी, बस उसे खुली  धूप और साफ शफ़्फ़ाफ़ हवा की जरूरत है। इनसे नए रास्ते खुलेंगे, शायद नए जंगल की विविधता फिर से जन्म लेगी। कविताओं की

ये पुस्तक बी एल एड 2020-21 के प्रथम वर्ष की छात्राओं का  सांझा प्रयास है, मैंने इन्हें व्यक्तिगत तौर पर सिर्फ इनकी स्वयं की जिंदगी के अनुभवो के इर्द-गिर्द के सवालों को उठाने और खुलकर लिखने के लिए उकसाया है, बाकी सारा कथ्य, भाषा, बिम्ब, प्रतीक, उद्देश्य, मिथ, शिल्प, शैली, कलात्मकता, इन्हीं छात्रों के अंतर्मन से फूटी है। इसे किसी निर्णय के रूप में ना परखा जाए बल्कि एक प्रोसेस के रूप में इसकी कद्र की जाए मैं यही आशा करता हूं और भविष्य में इन छात्राओं की रचनाशीलता के लिए भी यही ख्वाब देखता हूं । ये अंकुर  इनके अंदर के रचनाशीलता को एक संवेदनशील मनुष्य के रूप में

जीवित रखने में शिक्षा के क्षेत्र में जरुर योगदान देंगे। नई राहें नए सपने को बल देते हुए यही कहना चाहूंगा “चुप्पी की संस्कृति को तोड़ने के लिए यह कदम बढ़ते  चले जाएंगे”। सबको मेरा प्यार आभार और आशीष इन लेखों  और कविताओं को लिखने के लिए आने वाले कल के विकास के लिए महामारी के इस विध्वंस संग अभिव्यंजना के लिए बहुत-बहुत बधाई

-लोकेश जैन

**(Theatre faculty)**

**गुजर जाएगा यह वक्त भी**

माना कि थोड़ा कैद है,
माना दिमाग तंग है ,
महामारी भी छोटी नहीं,
हर आदमी बेरंग है ।
माना कि संगी साथियों से बंद मुलाकात है,
गुजर जाएगा यह वक्त भी,
बस कुछ दिनों की बात है।।

सड़के हैं लावारिस,
घर पर बैठा इंसान है,
मंदिर और मस्जिद है बंद,
बस खुले अस्पताल है।
धरती पर उतरा वह एक दूसरा भगवान है,
गुजर जाएगा यह वक्त भी,
बस कुछ दिनों की बात है।

अपने घर-वालों से दूर,
दूसरों के परिवारों के लिए,
उसने हर रात दिन एक किए,
दूसरों के स्वास्थ्य के लिए,
आज भी हर त्याग करने को तैयार है।
गुजर जाएगा यह वक्त भी
जब डॉक्टर हमारे साथ है।।

कोरोना ने विश्व पर जब किया प्रहार,
अस्पतालों में फिर लग गई कतार,
हो रही है ऑक्सीजन की कमी,
इस चक्कर में ना जाने कितनी जानें गई।
संसार में मचा यह कैसा भीषण हाहाकार है।
गुजर जाएगा यह समां भी,
बस कुछ वक्त की दरकार है।।

थम जाएगा यह भी कहर,
होगी दोबारा फिर सहर,
रख हिम्मत और सब्र तू,

थोड़ा समय तू और ठहर।
जीत कर रहेंगे ही, हम सब जो एक साथ है,
गुजर जाएगा यह वक्त भी
बस कुछ दिनों की बात है।।

मुंह पर मास्क, 2 गज दूरी,
और वैक्सीन हम लगाएंगे,
कोरोना का विश्व से,
हम वजूद तक मिटाएंगे।
तो क्या हुआ फ़िलहाल, जब खराब ये हालत है,
गुजर जाएगा ये वक्त भी,
बस कुछ दिनों की बात है।।
-Aanchal tiwari

“कैसी महामारी ये आई

त्राहि - त्राहि इसने मचाई,

शायद मनुष्य ने ये खुद है बनाई

इसीलिए ख़ुदा ने न की सुनवाई।।

When the world was under lockdown ,

Then the nature get its time.

Nature has power of creation and destruction ,

We forgot it also this time.

कब हमें समझ ये आएगा ,

कि प्रकृति से हमसे न उलझा जाएगा||

हे मनुष्य ! कर तू कुछ शर्म,

खुद न खोद अपनी कब्र ||

God lies in nature ,

In this destruction , you also have a share.

If you can’t become a creator ,

So do not become a destroyer .

प्रकृति को उसका समय तो मिला,

पर तू फिर उस राह है चला,

जो न कभी तेरी मंज़िल को जाती थी ,

और न कभी जाएगी,

अगर तू फिर उस राह चला तो तेरी मंज़िल ग़मगीन ही आएगी ||”

- Aishwarya tomar

“अब चुप-चाप शाम आती है,
पहले चिड़ियों का शोर होता था
दिन की शुरुआत करने का एक अलग ही जोश होता था।
गर्मी का  सुहाना सवेरा, सर्दी की कड़क दोपहर
बरसात कि रात की शील हवा व वसंत के महकते रंगीन
फूलों को महसूस कर
मन सुकून में क्या मदहोश होता था।
शायद आज भी धूप उतनी ही सुनहरी दमकती होगी
जितनी मेरी यादों में संग्रहित है
माफ़ करना, दावे के साथ नहीं कह सकती,
वो आज-कल प्रकृति से मेरा नाता ज़रा क्रम- रहित है।

आखिरी बार जब टिमटिमाते सितारे देखने के लिए आसमां
की ओर देखा था
तो ऊँची इमारतों की रोशन खिड़कियों ने दृष्टि का
अभिनंदन किया
मैनें भी वक़्त के साथ आया बदलाव समझ के इसे स्वीकार
लिया।
पर फिर मन में एक ख़याल आया
ये कैसा बदलाव, जो विकास की कोई लहर साथ ना लाया?
उन्नति का उद्देश्य था हमारा

पर मानव जात ने यह तो कुछ और ही कर डाला
चलो, मैं भी अब चलती हूँ, बाहर अँधेरा होगया है
शाम कब हुई पता ही नही चला
अब तो चुप-चाप आती है
पहले तो चिड़ियों का शोर होता था।“
-Aliya Fatima

“जाने कैसा यह दौर है
हर जगह खामोशी पर बहुत शोर है
टीवी पर केवल नकारात्मकता हर भोर है
मरना रोना बस यही हर और है
जाने क्या होगा
एग्जाम्स का कुछ पता नही
जीवन का भरोसा नही
क्लासेज ऑनलाइन है
और ज्ञान कुछ मिलता नही
मानसिक तनाव भरपूर है
जाने यह कैसा दौर है
घर में घुटन सी होने लगी है
अपनों से दूरी बदने लगी है
दोस्तो से मिले अरसा हो गया है
नेता जी रैली में लगे है
ऑक्सीजन और बेड खतम हो गया है
मुफ्त पानी सबको खूब भाया है
फिर जाने क्यों वैक्सीन से सबका दिल घबराया है
जहा खुद की कमी है

वाह वैक्सीन का एक्सपोर्ट है
समझ ही नही आता केसे यह दौर है
इन वीरों का महीनो से घर लापता है
बेटा सड़क पर मां का ऑक्सीजन सिलेंडर लिए खड़ा है
और वोह कुर्सी पर बैठा आत्मनिर्भरता का पाठ पड़ता है
उनका इंसानियत से नाता बहुत दूर है
हर इंसान लाचार और मजबूर है
भगवान ही जाने कैसा ये दौर है |
“

-Anjali khandelwal

“इस कोरोना काल में क्या नहीं देखा,
गंगा अशुद्ध देखी,
आसमान को काला देखा,
धरती को राख में घिरा देखा।

श्मशानों की कमी देखी,
परिजनों के अंतिम संस्कार न होते देखा।

लोगो को जीने की आस में दर दर भटकते देखा,
ज़िन्दगी की एक सास को तुलते देखा।

दुष्कर्मो की बढ़ती दरिन्दगी देखी ,
पीड़ित माँ बहन को अपमानित देखा।

परिवारों को नन्ही खुशियों खोते देखा,
बच्चो के जीवन का सार छुट्टे देखा।

कई अस्पतालों में बेड और दवाई की कमी देखी,
जाबाज़ कोरोना वारियर्स को ज़िंदगिया मुश्किल से बचाते देखा।

पीएम फण्ड में लोगो को मददत करते देखा,
'अच्छे दिन आएंगे' को झूठा साबित होते देखा।

वक्सीनेशन के लिए बोली लगते देखा,
सरकारों से विश्वास उठ्ते देखा।

लोगो को सबकुछ दाव पर लगाकर भी निराश देखा,
बहुतो को दुसरो का पेट भी भरते देखा।

मास्क को जरुरी पहनावा बनते देखा,
सैनिटाइजर को हथियार की तरह इस्तेमाल होते भी देखा।

दो गज की दुरी को जीवन का हिस्सा बनते देखा,
बर्तनो की आवाज़ को आशियानों के बहार गूंजते देखा।

किसी को क्या पता था की यह दिन आते,
आशाये थी की यह वक़्त भी अच्छे होते।
इस कोरोना काल में क्या नहीं देखा,
इस कोरोना काल में क्या नहीं देखा।
"

-Anjali saini

“

History will remember when the world stopped.
And the cars parked in the street.
All busses still.
And the trains didn’t run.

History will remember when the schools closed.
And the children stayed indoors.
The medical staff walked towards the fire
And they didn’t run.

History will remember when the people
Lighten up the candles
Sang in their balconies,in isolation
But so very much together.

History will remember when the people fought
For their old and their weak.
Protected the vulnerable.

History will remember when the virus left
And the houses opened
And the people came out
And hugged
And started again.
“

-Anjali yadav

“ प्रकृति और महामारी

मनुष्य को शिक्षा इस कदर है प्यारी;
कि भूल गया वो प्रकृति।
बिन प्रकृति खोखली रही शिक्षा,
प्रकृति बिन ज़िंदगी अधूरी।
कौन कहता शिक्षा ही सब कुछ ,
जिससे न मिली, उसका कुदरत ही सब कुछ।
मनुष्य मान बैठा शिक्षा को खुदा,
और हो गया प्रकृति से जुदा ‘ ।
याद आई उसे अपनी तरक्की
पर भूल बैठा उस की देन प्रकृति

जिंदगी की इस दौड़ में पा लिया उसने सब,
पर पीछे छोड़ गया प्रकृति का दिया सब ।
महामारी के इस दौर में काम ना आई दवा
काम आई तो बस प्रकृति की वो हवा।
प्रकृति ने दिखाई सौन्दर्य, जो कहीं खो सी गई थी,
जिससे देखने की कीमत मासूमों की जान थी।
न आएगी लौट के वो दोबारा,
आएंगी तो बस उनकी सुखद यादें।

कौन सी है वह रस्सी ?
जिसमें मनुष्य की जान है बसती।
आखिर कब तक मनुष्य भागेगा प्रकृति के योगदान से
भागा तो वो कुदरत की शतरंज के मैदान से।
ऐ मनुष्य! ना कर तू घमंड अपने इस तरक्की पर ,
मौत के बाद तुझे समाना है इसी प्रकृति पर।
“

- Aparna topno

“पृथ्वी पर भगवान का रूप -  डॉक्टर
कहते थे डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं
यह बात किसी ने सच है बतलाई
शूरवीर है वो जो कर रहे हैं लड़ाई
लगाकर अपनी जान की बाज़ी
यह है वह लोगों को अपने घरों में रहने के लिए राजी
भूलकर अपनी सेहत का हाल
लोगों का जीवन वह रहे हैं संभाल
होकर भी बुरे हाल में
 कर रहे हैं मदद सभी मरीजों की इस करोना काल में
रह सके हम सब का परिवार खुश
इसलिए हैं वह अपने परिवार से दूर
 क्या करें वह भी
है अपने कर्तव्य और इंसानियत के हाथों मजबूर
ना गर्भवती ना विकलांग डॉक्टर पीछे हटा भूल अपनी दशा
भारत के सभी डॉक्टर बिखेर रहे हैं एक अभिन्न छटा
घर क्या होता है यह उनको पता नहीं
परंतु ‘मिशन करोना मुक्त भारत’ उनका कभी रुका नहीं
महीनों से नहीं गए यह डॉक्टर अपने घर
इन्हें अपने परिवार की भी है बहुत फ़िक्र

पर मरीजों को ठीक कर उन्हें भेज रहे हैं उनके घर
लाशों से कभी-कभी घिरे रहते हैं
अपने परिवार को भी यह परेशान देखते हैं
पर खुद एक अटूट चट्टान से बने रहते हैं
शायद भगवान इन्हें ही तो कहते हैं
हिम्मत न हारी इन्होंने
संघर्ष रोज करते हैं
अपनों के लिए यह डरते हैं
कमजोर दिमागी हालातों में यह नहीं रुकते हैं पर यह डॉक्टर है जनाब
यह हार कहां मानते हैं”
-Chhavi jain

“शिक्षा पर कोई रोक नहीं

सब पढ़े सब बढ़े
शिक्षा है सबका अधिकार||

शिक्षा है तो कल है
शिक्षा है तो बल है||

जब से कोरोना आया
सरकार ने शिक्षा संस्थाओं पर ताला लगाया||

पर शिक्षा को कोई रोक ना पाया
ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा को फैलाया||

वाट्सएप, जीमीट पर होने लगी कक्षाएं
कक्षाएं ऑनलाइन, गृहकार्य ऑनलाइन
सब कुछ हो गया ऑनलाइन||

स्मार्टफोन इंटरनेट बन गए आज की ज़रूरत
जिसके पास ये ना हो उसकी कैसे पूरी हो ज़रूरत ?||

फोन नहीं पर टी. वी तो है
घर घर ना होकर भी हर एक के पास है||

एक नहीं अनेक लोग एक साथ इसे देख सकते हैं
एक टी. वी से अनेक बच्चे शिक्षा ले सकते हैं||

स्वयं प्रभा हो या हो दूरदर्शन
इन पर आते ऐसे कार्यक्रम है
जो देते ज्ञान है ||

ना कोई इंटरनेट ना कोई फोन
एक टी. वी से बच्चे पढ़ते
गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान और भूगोल||

टी. वी ही नहीं रेडियो ने भी शिक्षा को पहुँचाया
शिक्षा की तरफ हाथ है बढ़ाया ||

पढ़ाई में रुचि बनाए रखने के लिए
यह सुनाते कहानी और लाते प्रश्नोत्तरी भी है ||

बच्चों में शासन बनाए रखने के लिए
ये लेते है कक्षा सुबह -सुबह||

छोटा हो या बड़ा हो
सब शिक्षा ले सकते हैं ||

बिना फोन के भी शिक्षा पहुँचाई  जा सकती है
हर बच्चे को उसका अधिकार दे सकती है||

टी. वी और रेडियो के माध्यम से
हम पूरा कर सकते है सपना
सुंदर, उज्जवल, शिक्षित
भारत देश हो अपना||

-Divya bansal

“

यही शोर चारों ओर हैं
नेता हो या अभिनेता, विद्यर्थि हो या शिक्षक, पाठक हो या लेखक, वैज्ञानिक हो या चिंतक।
चारों ओर तुम्हारा जोर है,
हो तुम लोकतंत्र का चौथा स्तंभ,
यही शोर चारों ओर हैं।

तुम्हारी कहानी बड़ी पुरानी है,
सालों से तुमने करी सबकी निगरानी है,
करोड़ों की आबादी में भी तुमने  पल-पल की खबरें पहचानी है।

सरकार और जनता के तुम सेतु हो,
चाहे अवस्था कैसी भी हो तुम सबसे पहले पहुंचे हो,
तेज धूप, बारिश ,बाढ़ ,तुफान आंधी ,हर जगह से तुमने खबरें पहुंचाई है।

जिस तरह सिक्के के दो पहलू हैं,
उसी तरह तुम्हारे भी दो चेहरे हैं,

सच्चाई में थोड़ा झूठ का मिश्रण है,
इसीलिए  मीडिया अच्छाई बुराइ कितनों का संगम है।

बात करते हैं आज की ये  लड़ाई तो पुरानी है,
फिर यह एक दौर भी आया,
कोरोना ने कोहराम मचाया,
तुमने अपने माध्यम से इस महामारी की जानकारी को पल-पल जनता तक पहुंचाया।

लोगों के दर्द को तुम्हारे माध्यम से,
संत्री मंत्री तक पहुंचाया,
परंतु इलेक्शन में तुम्हारा ध्यान कुछ ज्यादा भटकाया,
उस भीड़ को तुमने कोरोना क्यों नहीं बताया,
एग्जिट पोल का महत्व लोगों की जान से कुछ ज्यादा पाया,
इसीलिए तुमने इलेक्शन को कोरॉना से ज्यादा फैलाया।

पर फिर भी हम तुम्हारे शुक्रगुजार हैं, तुम्हारे अच्छे कामों के कर्जदार हैं,
इसीलिए अपने देश के मीडिया को हम सब का सलाम है।
“

-Divya bisht

“कविता का शीर्षक - डिजिटल पढ़ाई
पढाई किताबो के पन्नो से न जाने कब कंप्यूटर की स्क्रीन पर
आ गयी पता ही नहीं चला
एक दौर था जब कंधो पर बैग और बैग
मे  किताबे थी
अब एक दौर है जब बैग में लैपटॉप और माउस
पहले कलम और कागज़ की बेमिसाल जोड़ी थी और अब कीबोर्ड
और उंगलिओ का जादू चलता
पहले किताबे खुलती थी और अब लैपटॉप ओं होता है पहले
किताबो की खुशबू थी और अब लैपटॉप की रौशनी
पहले क्लास मे बच्चे शोर मचाते थे और अब म्यूट पर रह कर
व्हाट्सप्प ग्रुप पर गप्पे लड़ते है
खेलते थे फ़ोन पर गेम्स अब करते है उस पर पढाई
उफ्फ्फ्फ़ कोरोना वायरस तुमने कैसी माहमारी फैलाई
कानो में है ईअरफोन्स आँखों में लग गया चस्मा टीचर लैपटॉप
के अंदर , ओंलाइन क्लासेज का है ये करिश्मा
पीडीऍफ़ मई है किताबे, कॉलेज स्कुल हो गए ऑप , ग्रुप
मीटिंग्स हो गयी क्लासेज अजब गज़ब ये खेल
अब तो टीचर्स की बाते सीधा कानों मे आती है
नेटवर्क जाये बिच मे तो अटेंडेंस पीछे से डराती है

बगल न कोई दोस्त है न बेंच है वो पुराने क्लासरूम, प्लेग्राउंड, लंचबॉक्स हो गया किस्सा कोई सुहाना
ऍम आई ऑडिबल स्टूडेंट्स?
इस माय वौइस् ब्रेकिंग?
इस देयर अनि इश्यूज यू अरे फेसिंग?
और इस तरह के कुछ नए शब्द लाया 2020
म्यूट और उन्मयुट का सीक्रेट गेम्स ऑनलाइन क्लास क साथ आया
वी-फि इंटरनेट का खर्चा थोड़ा बढ़ाया
लेट कर पढ़े या बैठ कर ये है अब हमारी मर्ज़ी क्या करे ये है आलस की खुदगर्ज़ी
ऑनलाइन क्लासेज जैसे भूत बनकर पीछे पड़ा है
उफ़ कोरोना विरुस् तुमने कैसी महामारी फैलाई!”
-Eshika pal

“ज़ंजीरों से बंधे है सब,
ख़बर नहीं न जाने क्या हो जाए कब।

बिखर चुके है सारे सपने,
मिल नही पा रहे है कोई अपने।

चुनाव के समय दिख रहे थे जो चेहरे,
ना जाने कहा जा के है वो आज ठहरे।

कोई पूछे ज़रा जा के उस गरीब से × 2
कि किसने दिया है उसे न्याय,
ख़ामोश खड़ा है वो
और हो रहा है बस अन्याय।

रो रहा है उस बेटे का दिल,
जिसके बीमार पिता को बिस्तर नही पा रहा है मिल।

काश इस चुनौती के लिए वो तयार रहते,
काश आज इतने आसूं ना बहते,
काश हम इस “”काश”” से मुक्त हो जाएं,
काश हम साथ में फिर से गाएं - मुस्कुराएं।

ना जाने कब यें जंजीरें खुले,
ना जाने कब हम उन अपनो से गले मिले।

उम्मीद नहीं छोड़ी है अब भी,
क्या पता कब हो जाए कुछ भी।

दिखेगी वो आशा की किरण,
होगा फिर से हम सबका मिलन।

चाहे वो साथ दे ना दे,
मिलकर करेंगे पार हम ये मुश्किल सरहदे।।

-Garima

“जब हवा से सासें चुराना हो गया मुश्किल तभी कार्यवाही होनी चाहिए थी।
जब लाशों को जलाने की जगह ना बची तभी कार्यवाही होनी चाहिये थी ।
पर  कार्यवाही कर्ता कौन गुनहगार तो कहीं और ही थे ,
वह व्यस्त थे उन रैलियों में  उन्हें लगा वो उन वोटो की गिनती से जीत जाएंगे पर जीता तो कोई और ही जिसने ना जाने कितनों को मार दिया ,
मार  दिया उन मासूम चेहरों को जिन्होंने ज़िंदगी जीने के ख्वाब बुन रखे थे।
कुम्भ में चंद पल मिलने की  खुशी देकर बिछड़वा  दिया उस सत्ता के लालच में ।
आए थे जो मुट्ठी बंद करके
चले गए हाथ पसारे
अच्छे दिन आएंगे, अच्छे दिन आएंगे कहकर सोचा ना था एक दिन अपने ही अपना साथ छोड़ जाएंगे
हे इश्वर,  करवाई तो तभी होनी चाहिए थी।“

- Harshita

“शीर्षक: विश्वास रखो

ये जो आया है कोरोना
सब कहते हैं इससे डरो ना
लड जायेंगे इससे,
यह विश्वास रखो ना

पर महामारी के आलम में,
डर लगता है सबको
परिवार को जिसने खोया है,
पूछो जाकर उसको

कैसा लगता है जब,
व्यक्ति के आने कि उम्मीद हो
पर फिर एक पल में ही,
वह उम्मीद भी विलीन हो

ऐसे लोगों को जाता देख कर ,
विश्वास टूट जाता है
पर इस मीडिया को तो बस ,
यही सब दिखाना है

बैड की कमी ,ऑक्सीजन की कमी से,
कितने मासूम मरे हैं
उम्मीद तोड़ता है यह सब,
बताओ कितने मासूम बचे हैं

महामारी के इस दौर में भी,
टी.आर.पी. का अभी भी बोलबाला है
इलेक्शन आए नहीं की ,
के भूल जाना कोरोना भी एक माया है

“”नेशन वांट्स टु नो”” कहकर,
बातें बकवास करते हैं
नेशन की जो हालत है
उसको नजरअंदाज करते हैं

इन सब से परे भी कुछ,
जाबाज रिपोर्टर भी थे
अपनी और अपने परिवार से,
पहले काम को रखते थे

कोरोना उन्हें भी हुआ,
दुनिया को समझाते हुए
चले गए वो भी,
अपना कर्तव्य निभाते हुए

सोशल मीडिया का दौर है,
काम आया है ये भी
लोगों ने मांगी मदद,
तो आए आगे अनजाने भी

जागरूक किया है लोगों को,
इस कोरोना की महामारी से
बताये तरीके बचने के
अपने-अपने सलीके से

महामारी के आने पर ,
सीखा बहुत कुछ लोगों ने
हर कोई आगे आया है
औरों की मदद करने

परिस्थितियां सुधरेंगे ,

यही विश्वास रखो
और क्या कह सकते हैं,
यही कि उम्मीद रखो ।

-हिमानी (2020/886)

“

HAVOC !

Deafening silence !!
It was something new, that nobody has viewed.

A sound emerged, a light struck...
Sometimes, I get amused by the capability of people getting stuck in the foolish views of well, you know who...

There was only one rule, actually two
दो गज दूरी और मास्क है जरूरी !
Some listened, some did not, but it did reciprocate through all.

Nothing is the same as before, what is left is just a swollen soul

Graveyard is full of corpse, people have lost their hopes
Harsh reality has hit us again, don’t know who’ll win in this brutal game,
Lives are at stake, maybe they have made a big mistake

Brutality is all what I saw, and I cannot infer who’s really at flaw
There’s no judge to give the verdict, all we have to do is predict

But some things happened that were good of all, nature finally found its long lost soul
Alas ! It didn’t last for long, maybe together we can correct what’s wrong

People are helping each other as their own, we are much closer than before.

Hahh!! That saying is literal afterall

That united we stand and divided we fall.

छोटी-छोटी खुशियों में मुस्कुराना सीख लिया हमने,
इतनी मुश्किलों में भी जीना सीख लिया हमने ।
“

-Himanshi siddharth

“It was all going well, until the human broke the law of nature.
To satisfy his greeds, he started troubling creators.
Brutuallt chasing their feather, tooth, skin and claws, slowly human started showing up his flaws.
Cutting up trees for wood food and fodder recklessly, he harmed our mother earth endlessly.
Broken bottles and charred pieces of glass ,
Dumps of garbage turned out of grass ,
Deforestation of forest and cutting of trees,
This is environment that surrounds me.

Poisonous pesticide spray on our food ,
Oceans filled with thick oil crude, pushing aquatic life to a slow doom,
And that’s all what human consume.
All the toxic air that industries exhale,
Is whats that left for us to inhale,
Discharge of industrial effluents into rivers in large size,
Has caused so much Havoc to aquatic life .

But since the covid has arrived,
Humans have been suffering all their deeds,
As they are locked in home all alone,
Nature is getting one more chance to bloom.
Meanwhile humans have stooped disturbing ,
Sparrows have again started chirping,
Slowly but surely lockdown is medicine tonature,

Giving new life to  birds all creature,
Hope, human will realise their mistake soon ,
And mother earth will again bloom.”
-Himanshi

“

*ऑनलाइन क्लास*

सुबह आँख खुलती है एक मैसेज के साथ ,
जो कहता है जॉइन द क्लास !
सारे बच्चे परेशान है जिससे ,
वो है हमारी ऑनलाइन क्लास।
आधी नींद के साथ हम बच्चे पढ़ते हैं क्लास में,
टीचर्स भी पढ़ाते हैं पूरे होसो आवाज में।
क्लास को जॉइन करके हम तो चले जाते हैं ,
टीचर अपना पढ़ाता है और हम सारे ग्रुप में बतियाते हैं।
इस it क्लियर स्टूडेंट्स ?
सुनकर सभी yes माम् तो कह जाते हैं,
लेकिन अगर कोई क्वेश्चन पूछा जाए तो सभी म्यूट हो जाते हैं।
इंस्टाग्राम , फेसबुक , व्हाट्सएप्प सारे इसी वक्त चलते हैं ,
पढ़ना तो है ही नही क्योंकि पेपर में तो गूगल बाबा बताते हैं।
इस ऑनलाइन क्लास में हम बच्चे वो खिलाड़ी होते हैं,
जो मौत को भी टक से छूकर वापस आ जाते हैं।

जिसमे टीचर सोचते रह जाते है,
की कैसे इस जंग में हम जीत जाते हैं।
कुछ भी कहो ऑनलाइन क्लास होती तो बड़ी मज़ेदार है,
अलग ही इसके किस्से होते हैं अलग ही किरदार है।

*कायनात*
इतना डरे हुए हैं कोरोना के डर से सब,
लगने लगे हैं किसी उजड़े शहर से सब।
थोड़ी-सी अपनी तबीयत नासाज़ क्या हुई,
मुझे देखने लगे हैं शक की नज़र से सब।
कल तक थे आसमान पे उड़ते रहने के आदी,
पर आज बंधे पड़े हैं किसी बूढ़े शजर से सब।
खुद को सबसे बेहतर समझने का ये गुरूर,
एक दिन मारे जाएंगे इस ही जहर से सब।
कल तक तो कर रहे थे बरसों के वायदे,
मगर आज लग रहे हैं बड़े मुख्तसर से सब।
सभी गर इस कायनात को अपना समझते,
होते नहीं फिर इस तरह दर-ब-दर से सब।

-Indul

“ना जाने कहाँ गए वो खुशी के पल,
देखे थे जो हँसते-मुस्कुराते चेहरे कल|

जहान कल तक सुनाई देते थे हंसी के ठहाके,
जहान गोलू मोलु फोड़ा करते थे पटाके,
जहान ईद पर बंट्ती थी सेवइयां,
वहां बह रहा  आज आंसुओ का दरिया |

जिस ज़मीन पर हुआ करती थी मेले की धूम,
उसी जगह रो रहे हैं आज चेहरे मासूम,
जिस जगह सुनाई देती थी बच्चों की खिलकारी,
उसी जगह सुनाई दे रही हैं आज बिस्तरों के लिए मारा-मारी |

कभी सोचा ना था की जिंदगी का ऐसा आयेगा मोड़,
रह जाएंगे अपने भी पिछे छोड़,
एक तर्फ है महामारी की तलवार,
और दूसरी तर्फ गरीबी दे रही है मार|

पूछे जा रही है अंतर आत्मा एक सवाल,

कब वापिस आएंगे फिर वही साल

शाम ये गम भी सही
भोर आशा की आएगी,
जिंदगी वापीस से अपने वही रंग दीखायगी|

पायेंगे हम मंजिल को भी,
मिल्कर अब ये शपथ लेते हैं,
किसी भी चुनौती का हम डटकर ,
सामना कर लेते हैं|

-Ishita gupta

“शीर्षक - नए ज़माने की बात

बात है - बात है, यह नए ज़माने की यह बात है,
कोरोना की कहानी है और हमारी आँखों में पानी है |
मोबाइल से पढ़ - पढ़ कर थक गए हम,
ना मन लगता है इन चार दीवारी के बीच,
यारों से मिलने को भी तरस गए हम |
ना तो घर में शान्ति है, ना ही वक़्त का है ठिकाना
साथ भी बैठ नहीं पाते, ना खा पाते संग खाना |

पढ़ाई का तो पूछो ही मत, बिल्कुल मन नहीं लगता है,
स्कूल - कॉलेज जाने को मिले यह तो बस अपना सा लगता है |
पिछले एक साल से ना ही देखा है कॉलेज, ना ही देखा है स्कूल,
ऐसा लगता है मानो जैसे सब गए हैं भूल |
जैसे तैसे पढ़ तो लेते हैं, पर अब लिखने में ज़ोर आता है,
टाइपिंग बहुत अच्छी हो गई है, पर एग्जाम्स में उससे काम
नहीं चल पाता है,
भले ही एक्सपीरियंस कुछ मिला नहीं, जान बची हुई है तो कोई
गिला नहीं,

जीत तो हम जाएंगे, कभी ना कभी तो अच्छे दिन आएंगे।

आने जाने का खर्चा नहीं, खाने - पीने पर चर्चा नहीं,
घर में घेरे हुए है यह ऑनलाइन पढ़ाई, शायद होगी इसमें भी कुछ भलाई |
कमर दर्द - चश्मे के नंबर बढ़ते ही जा रहे हैं, बचपन में ही अब तो बुढ़ापे के दिन नजर आ रहे हैं,
ना ही अब स्कूल के मैदानों में खेल होते हैं, ना ही बजती स्कूल की घंटी, धीरे-धीरे खत्म हो गई स्कूल की सारी मस्ती।

किताबें हाथ लगी नहीं, उनकी खुशबू याद आती है,
पन्नों की वह स्याही अब फीकी सी नजर आती है |
ना ही रहे कोई शौक, ना ही रही कोई रुचि,
वक्त मिले तो बस सो जाते हैं, जिंदगी हो गई है बिल्कुल रूखी |

बाहर पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिए है यह अच्छी बात, बिता रहे हैं कुछ और पल अपने परिवार के साथ |
अच्छा भी लगता है कि शिक्षा का कोई दायरा नहीं, पढ़ने के लिए कोई कायदा नहीं |

कहीं से भी, कभी भी किया जा सकता है इसे प्राप्त, फिर क्यों कुछ लोग कर देते हैं उटपटांग सी बात ?!

अजी, यह अजीबोगरीब बयान तो सुनिए - कोई बताए गोबर - गोमूत्र को इस महामारी का इलाज, तो कोई बोले 5G नेटवर्क ने गिराई है कोरोना नाम की गाज़ , लोग अफवाहों की चादर ओढ़ रहे हैं और मोबाइल टावर तोड़ रहे हैं |
किसी को लगता है करोना में भी बस्ती है जान, जीने का उसे हक दो और गवा दो अपने प्राण |
ज्ञानी तो बड़े ही बन बैठे हैं , पर हैं वास्तव में अनजान।

ठेकेदार बने बैठे हैं पहरेदार, शिक्षा का लगा रखा है जिन्होंने व्यापार, आखिर हक है शिक्षा सबका, जीवन का है श्रृंगार ।
विद्या को व्यापार ना समझो, विद्या तो है वरदान,
उत्तम श्रेष्ठ सब मिथ्या है, अपने उत्कर्ष तक पहुंचे सिर्फ विद्वान।

रुका हुआ है बच्चों का भविष्य, पता नहीं होंगे या नहीं एग्जाम, ऐसी परिस्थिति में गलत है करना इस तरह की डिमांड |
प्रकृति लाई है यह तबाही, सुधर जाने में ही है भलाई |

करुणा को बसाना है मन में , फिर इस महामारी से जीत जाना है सब ने |
प्रकृति सिखाती कितना कुछ, हर लेती है सबका दुख |

बात है - बात है, यह नए ज़माने की बात है,
प्रकृति ही जननी है, प्रकृति ही है पालनहार,
प्रकृति को अगर पहुंची हानि तो यह जीवन है अभिशाप।“
-Ishita vohra

“through the window I watch the empty ground
I wonder till when can I not meet my friends
But sadly our hands are bound.

All we can do is sit and wait listening to the birds and squirrels make sound
I wish soon our prayers are answered and peace is found

The days when it was normal to meet, party and play.
Hoping we win this battle and stop turning ourselves into clay.

I pray  this black cloud  hovereing over our heads flys away soon
Lets wait and turn this unfortunate bane into a boon.

Till when will I not meet my other family?
The ones who have stayed with me in all my ends
My real family is with me but it is incomplete without my friends.”
-Jasmine rana

“

I think it was an year ago
We were sipping our afternoon’s tea
Tossing through some channels
And a news of pandemic struck me

A lockdown was declared
Some said maybe it’s in the air
But we knew at a glance
Together as a family we could live in trance

Because a family always comes together
Tied with bonds of love forever
In this sickness or in health
In poverty or with wealth
In death or in life
In happiness or in strife

Together we went through
Like the sailors of a crew
From rounds of Ludo to Dalgona coffee
And scary stories to calling Charlie

But not many have returned from their quarantine
Those 14 days are actually 14 years of an exile
So many have lost their closest
Who fought bravely with congestion in the chest

I hope the day of relief comes sooner

Not only for the relief from the virus
But also wrenching pain of losses

We have to stick together as one big family
For every mother who lost her son
Or a son who lost his mother
We can never replace them but
Surely spread the kindness further.

- Jyoti saxena

“ ऑनलाइन शिक्षा के फायदे व नुकसान

किसी को मिले उपकरण तो कोई हुआ परेशान,
किसी छात्र को मिला परिवार का साथ तो कोई हुआ सैतान,
बाहरी खर्च बचे तो अतिरिक्त खर्च से छूटी जान,
ऑनलाइन शिक्षा से हुए कुछ फायदे व नुकसान।
कोई हुआ मानसिक रोग से ग्रसित तो किसी ने शुरू किया योगासन,
बाह्य खेल और कार्य हुए कम तो कम हुए शारीरिक थकान,
छात्रों के लिखावट के रुचि में कमी आई तो किताब की लत हुई कम,
ऑनलाइन शिक्षा से हुए कुछ फायदे व नुकसान।

कहीं छात्र और परिवार के बीच बढ़ा प्यार तो कहीं शुरू हुई अनबन,
किसी के आंखों का हुआ हाल तो किसी का पढ़ाई से ऊबा मन,
किसी का टूटे सपने तो कोई हुआ तो किसी क। अनुशासन हुआ कम,
ऑनलाइन शिक्षा से हुए कुछ फायदे व नुकसान।
-Khushboo kumari

“When I asked, have you seen god?
They replied no!
But I said I have!
They live amongst us wearing white apron and PEP.
They have homes, yes! But currently, hospital is their residence.
You must have known by now who am I talking about!
Yes! THE HEALTHCARE WORKERS!

कहा जाता है डॉक्टर को भगवान का दूसरा दर्जा दिया जाता है पर मैं नहीं मानती, दरअसल पहला दर्जा है उनका।
माना भगवान ने जिंदगी दी पर अपना जीवन परे कर दूसरों की साँसें जो बढ़ाता है वो है हेल्थ केयर वर्कर है वो।
This time too shall pass we hear everywhere but the reason would be my god, the HEALTHCARE WORKERS.
The healthcare sector did the job !
The nurses, staff,doctors, assistances,or be it the person with the mop!

Neither the politicians, nor the so called stars all who did the job was my star, THE HEALTHCARE WORKERS.

हर  एक नकारात्मकता है,  म्रत्यु और डर अचानक आ टपका है।
पर अचंभा तो ये है,  कोई इलेक्शन के लिए फ्री पानी तो कोई आत्मनिर्भरता की बात करता है।
इंसानियत जेसे मर गई है पेसा जेसे सब कुछ है।
जहाँ जरूरत में एक और फ्री टिफिन तो दूसरी और  ब्लैक की oxygen है

Children are sitting in homes with the hope of going back to school soon.
Parents are with the hope of getting back their jobs soon.
Aspirants are waiting for exams to be conducted.
Students are full of uncertainty wether semester exams would be suspended.

ऑनलाइन शिक्षा में ज्ञान कहीं खोया है

वो बच्चे को मोबाइल दिलाने के लिए हर और रोया है ।
जाने क्या होगा पर खुशी हुई मानव की एक जुटता को देख कर अच्छा लगा influencers को oxygen लीड्स बना देख कर।

It was a bliss to see environment bloom.
And I wish by heart the earth will gloom.
But remember who was there when life was uncertain it was none other than the god, THE HEALTHCARE WORKERS”
-Khushi sharma

“Every little situation has two sides
This merciless corona is such a plight

Polluted waters are coming back to life
Number of animals are reaching new heights
But the ailment has become so unforgiving
That rivers of blood and death are brimming

So many peaple locked in their own homes
A process very tedious to set in stone
Though roads are covered with dying and dead
There are still some pictures worth giving a glance

No more crowds ,no more cars
No more buses to stand in path
No more traffic no more travels
The situation get tangles the more we unravel
In all this chaos the pandemic has caused
Still trees are being chopped and animals poached
We need to protect and start help restoring nature

Because some people didn’t learn and are still being immature

People say nature has its own way of healing
That might be true as such the facts are appealing
I know our views of normality and peacefulness has shattered
But the outbreak also told us what really matters

So just breath a little and don’t let all this make you overwhelm
Focus on the bright side and all will be well.

-Khushi tiwari

“नमस्कार हमारे प्रिय श्रोताओं मैं  किरन।
कहते हैं चीजों को अपनी ही आंखों से देखा जाए तो उनका कारण और उनकी जड़ तक पहुंचना आसान हो जाता है। तो ऐसी ही एक कविता मेरे द्वारा लिखी गई है जो मैं आप सबको सुनाना चाहूंगी।

देखा है मैंने

अमीरों को लॉकडाउन में परिवार के साथ हंसते खेलते देखा है मैंने देखा है,
देखा है मैंने उन्हें दुआ करते हुए कि उनका परिवार हमेशा साथ और खुश रहे,
 पुरानी व्यस्त जिंदगी से निकलकर परिवार के साथ रहने की चाह देखी है मैंने।

गरीबों को मजबूरन पैदल चलते देखा है मैंने,
बाप की मुख पर परिवार के खर्च की चिंता देखी है मैंने,
 और देखी है मैंने भूखे पेट की चाह कि कल की रोशनी मिटाएगी उनकी भूख, आएगा कोई नहीं जो करेगा उनकी मदद।

परिवार में दादा-दादी की देख-रेख अच्छे से होतु देखे देखी है मैंने,
और देखा है मैंने कई बच्चों के सिर से मां बाप का साया उठते हुए उन्हें अनाथ होते हुए,
देखा है मैंने लोगों को दुआ करते हुए कि पहले जैसा था वैसा हो जाए।

पंछियों के परिवार खुले आसमान में उड़ते देखे देखा है मैंने।
चिड़िया को अपने बच्चों को खाना खिलाते देखा है मैंने,
और देखी है मैंने उनकी खुशी की वह मनुष्य की कैद से आजाद है,
सूखे पेड़ों को बारिश के पानी से उगते देखा है मैंने, और देखा है मैंने प्रकृति को दोबारा हंसते और बढ़ते हुए।

तो क्यो मनुष्य यह नहीं समझता कि परिवार का साथ रहना,
अपने आसपास की चीजों का ख्याल रखना है जरूरी, चाहे वो प्रकृति हो या हो कोई जानवर या इंसान।
सब कुछ जानते हुए भी मनुष्य को हाथ पर हाथ रखे बैठे देखा है,
हाँ मैंने देखा है, हाँ मैंने देखा है मैंने।“
-Kiran

“आज के मीडिया

वक्त की बदहालाती से गुजर रहे हैं
यूं हाथ थामें उम्मीद करते हैं फिर एक दिन सवर जायेंगे।
सब अगर अपनी काम ईमानदारी से करें
तो हम जरूर तर जाएंगे।
हर पेशा के लोग सिर्फ पेशेवर मूल्य को ध्येय में रखें तो हम जरूर निखर जाएंगे।
लेकिन दुख तो तब होता है, जब इसके विपरीत नजारे नजर आ जाते हैं।

उन तमाम कर्मियों को धन्यवाद जो हमें हर दिन जीवन जीने में सहायक है, और किसी न किसी तरीके से हमारी मदद पहुंचाते हैं।
इसी सिलसिले को आगे ले जाते हुए आज के पेशेवर मीडिया पर प्रकाश डालना बहुत अहम हो जाता है, हा मेरा सलीका थोड़ा अलग होगा।

हां अब भी कुछ इमानदारी पत्रकारिता के क्षेत्र में बची है और वह बिल्कुल ही प्रशंसा के अधिकारी हैं।

लेकिन उन मेंस्ट्रीम मीडिया को भी नहीं झूठलाया जा सकता जो हमारे बीच पल रहे मक्कारी हैं।
आज इस क्राइसिस के वक्त पर जितना प्रभाव ये मीडिया वाले ला सकते थे शायद ही कोई संस्था मुहैया करा पाती।
मीडिया की अथाह संभावित शक्ति जो इस वक्त सकारात्मक माहौल बना सकती थी,
लोगों को कोविड के प्रति सचेत कर सकती थी,
बिल्कुल उल्टी दिशा में बह रही है।
जो आवाम की आवाज को सरकार तक ले जाती
खुद सरकार की भाषा में बोल रही है।

आओ आओ सुनाएं उस मुल्क की हाल
जो है विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र
और जहां का चौथा स्तंभ हो गया है चाटुकार और लाचार।

वेआवाज को आवाज देने का वायदा करने वाले
खुद मूलभूत मुद्दे पर बात करने पे मुखवाधिर हो जाते हैं।
जनहित की बात करने वाले चिंता सरकारहित की करने लगते हैं।
तब देश की भविष्य धूमिल हो जाता है,
जब मीडिया के पेशेवर मूल्य बदल जाता है।

बुनियाद जिसकी प्रेस की स्वतंत्रता को सुदृढ़ कर राष्ट्रहित पर टिकी है,
अब वो सरकार हित की बात कर रही हैं।
अक्सर तो पक्ष प्रत्यक्ष रूप से लेते दिख जाते हैं
और अगर ना ले पाए तो निष्पक्षता की चादर तले अस्पष्ट विचार परोस जाते हैं। यानी कि अब ये मीडिया वाले नेताओं की काम की जिम्मा उठाते भी अब दिख जाते हैं।

जो खुद को मध्यवर्गीय व राष्ट्र हित के बारे में सोचने का दावा करते हैं
वो भी कुछ महत्वपूर्ण खबरों को अखबार के पिछले पन्नों पर सरका देते हैं।

मीडिया का काम तो वाकई बढ़ रहा है
क्योंकि विपक्ष व आवाम की आवाज बुलंद करने से ज्यादा
मेहनत तो आवाज दबाने में लग रहा है
और वह मीडिया सतत कर रही है।
काम तो मीडिया वालों की बढ़ रही है
क्योंकि बेचारे स्वतंत्र रूप से सरकार की भाषा बोल नहीं पाते;
उन्हें राष्ट्रहित का सहारा लेना पड़ता है,

और मुश्किल तो तब और भी बढ़ जाती है
जब उन्हें देश भक्ति की आड़  में मुंह छुपाना पड़ता है।

अब ये तो वही बताएंगे कि पर्दे के पीछे क्या चल रहा है?
यह बोलना चाहते हैं या उन्हें रोक दिया जाता है?
जब ये देश हमारी इतनी बड़ी बदहालाती से गुजर रहा है,
जब जीवन छिन्न-भिन्न हो रहा है,
मां से बेटा, पति से पत्नी, मां बाप से बच्चे दूर हो रहे हैं हर रिश्ता टूट रहा है।
तब इन्हें जनता के सवाल का जवाब नहीं आता
या जानबूझकर चुप्पी ठान ले रहे हैं
या अपनी स्वतंत्रता स्वेच्छा से समर्पण कर रहे हैं?

-Kumari pooja

“Liking this, looking that,
People following what you do,
Photos being looked at.
Facebook, pinterest, Instagram are all the same,
Posting about your life or what you like,
They just all have a different name.
Keeping in touch with people
You see in real life,
To connecting people who are like each other,
Social media serves a good purpose.
Talk to friends, we don’t have to call,
Just leave a comment, that’s all.
Gone are the days where no pretending
Of a glamour life, no twitter actor,
We didn’t care about our appeance,
Just to satisfy others,
You were what you felt like, no gratified covers.
We have given our life to this net,
A slave to phone and computer set, we can’t live half an hour without checking a text.
Back in those days my friends and I would say hello to passersby,
How did we get the news you ask?
With newspaper it wasn’t a difficult task.
We would listen to songs, chit chat and play together.,
Tv was a lovely friend,
But now it’s an old tale,
Everyone has Facebook, whatsapp and email,
So busy are we in using these apps,

We even sometimes miss our naps!
Oh! I wish leaving our phone just once and look at out town,
So much beauty is there to see,
The sky, trees, rivers and even bees.!
“

-Laiba

“#था एक परिवार , जहा माँ बाप को वक्त नहीं था बच्चो के साथ गुज़ारने को,
मजबूर हो गया कोरोना काल में एक एक दूसरे से बंधने को,
काम की भगा दौड़ी में न सुन्न पते थे एक दूसरे के मैं की,
न दे पते थे वक्त अपना एक दूजे को, बस लालसा रहती धन की,
करीब ले आया उन्हें भी कोरोना..जिन्हे अपनों की एहमियत न थी ,
दूर भी कर गया कुछो को, जिनकी दुनिया चलती ही अपनों से थी.

#था एक परिवार , जो खता था खाना हर रोज साथ बैठकर ,
मजबूर हो गया कोरोना काल में , रोने को बिछड़कर ,
एक माँ थी जो हर रोज करती थी इंतज़ार खाना बनाकर,
बेटा आता था देर रात कुछ पैसे कमाकर,
छीन गया कोरोना के चलते उस माँ का इंतज़ार ,
जिस दिन गया उसका बेटा कोरोना से हार ,
सेह न सकी बेबसी इकलौते बेटे को खोने की,
दम तोड़ गयी जब और हिम्मत न बची रोने की.

#था एक परिवार जहाँ खेलते कूदते थे बच्चे सुबह शाम ,
मजबूर हो गए कोरोना काल में , छिना बचपन , ऑनलाइन कर पड़ रहे सारे काम ,
ज़िन्दगी में आयी कई कठिनाई , कुछ के नहीं रहे पिता, कुछ के दम तोड़ गए बड़े भाई ,
मजबूर हो गए कोरोना के चलते बचपन भूलने को,
साडी ज़िम्मेदारियां जो उनके सर आयीं ,
छिन गयी नन्ही खुशियां , जन्म लेने से पहले ,
खामोश से हो गए न जाने कितने मासूम चेहरे .”
-Latika

टॉपिक: (ऑनलाइन एजुकेशन- एक नया खिलौना )
सबने देखा और जाना भी है कि,
ऑनलाइन एजुकेशन मार्किट में नया खिलौना आया है.
किसका इन्वेंशन? किसका नतीजा ?
कोरोना!! कोरोना और कोरोना का नतीजा!!
बच्चे, अध्यापक और सब जुटें है इस नए खिलोने को समझने में निकालने में कि क्या होता है ,
स्क्रीन शेयर, पिन और गूगल क्लासरूम जैसी नयी टेक्नोलॉजी
जो कराते है, ऑनलाइन एजुकेशन बच्चों और अध्यापको की !!
बच्चे लगे हुए हैं पूरे दिन मोबाइल में,
लग गया है उन्हें मोटा-मोटा चश्मा और कमर और सर का तो जैसे
बज गया है बैंड बाजा बारात !!
पर दूसरी तरफ इससे हो रही है,
समय और पैसे की बचत , कही भी , कैसे भी , कोई भी ले पा रहा है किताबो का ज्ञान !!
न सुबह जल्दी उठने की टेंशन न सुबह- सुबह बस पकड़ने की दोर्र आराम से घर पर बेठकर लो किताबो से एजुकेशन !!
हो तो रहा इससे यह फायदा पर डिसिप्लिन की तो बज गयी है बैंड !! बैंड !! बैंड !!
बच्चो का तो जैसे स्केडूल हो गया है पूरा गोल -गोल , गोल- गोल जैसे हो कोई एक गोलमाल !!
न पढ़ने पर ध्यान देते न फैमिली को टाइम देते बस लगे हुए
डिजिटल नोट्स को पढ़ने और समझने में !!
